
# 6 जंगल में सभा

जंगल में उस दिन बहुत चहल-पहल थी। जंगल के सभी जानवरों की सभा रखी गई थी। बरगद के नीचे हाथी, शेर, लोमड़ी, सियार, भालू, बन्दर, हिरण, खरगोश, अजगर आदि सभी आ चुके थे। सबकी सहमति से हाथी को सभापति चुना गया। सभा शुरू हुई। सबने अपनी-अपनी परेशानियाँ बताईं और मिलकर उनका हल ढूँढ़ने की कोशिश करने लगे।



बारी खरगोश की थी। वह बोला - "मेरा तो जीना कठिन हो गया है। भालू अपने घर का कचरा मेरे बिल के पास फेंक देता है। जहाँ-तहाँ तो सभी थूकते रहते हैं। बंदर भी केला खाकर छिलका रास्ते में फेंक देता है। तालाब का पानी भी गंदा हो रहा है। मैं तो यह जंगल छोड़कर चला जाऊँगा।"

हाथी ने भालू की ओर देखा। डर कर भालू बोला- "सभी जानवर ऐसा ही करते हैं, तो मैंने क्या गलती की?" हाथी बोला, "हाँ, गलती तो हम सभी ने की है।" तभी अचानक आँधी चलने लगी और बारिश शुरू हो गई। सभा अगले दिन तक के लिए रोक दी गई।

**अगले दिन की सभा में जानवरों के बीच क्या चर्चा हुई होगी? अपने दोस्तों के साथ चर्चा करें।**

**शिक्षक संकेत :** छात्रों को चर्चा के लिए प्रेरित करें जिससे उनमें भाषाई सृजनशीलता के साथ-साथ पाठ के उद्देश्यों को समझने की क्षमता का विकास हो ।

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **सहमति** | - | मानना | **सभापति** | - | अध्यक्ष |
| **परेशानी** | - | मुसीबत | **चर्चा** | - | बातचीत |
| **कचरा** | - | घर का बेकार सामान और गंदगी | | | |

## अभ्यास

**1. अपने बारे में बताएँ -**

(क) आप अपनी साफ-सफाई के लिए किन-किन बातों पर ध्यान देते हैं ?

..........................................................................................................

(ख) आप अपने घर की साफ-सफाई में क्या सहयोग करते हैं ?

..........................................................................................................

**2. पाठ से बताएँ -**

(क) खरगोश जंगल छोड़कर जाने की बात क्यों कह रहा था ?

..........................................................................................................

(ख) सभा का सभापति कौन था ?

..........................................................................................................

(ग) सभा क्यों की गई?

..........................................................................................................

(घ) सभा अचानक क्यों रोक दी गई ?

..........................................................................................................

**3. दिए गए शब्दों के सामने मिलते-जुलते ( समान ध्वनि वाले ) शब्द लिखें -**

केला - .............................. .............................. ..............................

जंगल - .............................. .............................. ..............................

जीना - .............................. .............................. ..............................

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पानी | – | ................................ | ................................ | ................................ |
| भालू | – | ................................ | ................................ | ................................ |
| शेर | – | ................................ | ................................ | ................................ |

4. **सात जंगली और सात पालतू जानवरों के नाम लिखें –**

| **जंगली जानवर** | **पालतू जानवर** |
|---|---|
| ................................ | ................................ |
| ................................ | ................................ |
| ................................ | ................................ |
| ................................ | ................................ |
| ................................ | ................................ |
| ................................ | ................................ |
| ................................ | ................................ |

इन सभी जानवरों के नाम संज्ञा हैं , किन्तु इनमें से किसी एक के कहने पर क्या केवल एक ही जानवर का बोध होता है या उस जाति के सभी जानवरों का? जिस शब्द से किसी जाति विशेष के सभी सदस्यों का बोध होता है उसे जातिवाचक संज्ञा कहा जाता है, जैसे – कुत्ता, शेर आदि ।

5. **''जंगल में सभा'' – यहाँ 'सभा' शब्द से कई लोगों के समूह का बोध होता है। ऐसे अन्य शब्द ढूँढ़कर लिखें, जिनसे एक से अधिक व्यक्ति, प्राणी या वस्तु का बोध होता है।**

................................ ................................ ................................ ................................

**इन्हें 'समूहवाचक संज्ञा' कहते हैं।**

6. **अधूरे वाक्यों को मिलाकर सही एवं पूरा वाक्य बनाएँ–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मच्छरों से | दुर्गन्ध आती है । |
| (ख) | पेड़ – पौधों से | गंदगी फैलती है। |
| (ग) | साफ परिवेश से | बीमारी फैलती है। |
| (घ) | खुली नालियों से | शरीर स्वस्थ रहता है। |
| (ङ) | कूड़ेदान में कचरा नहीं डालने से | हवा शुद्ध होती है। |

7. **साफ-सफाई पर चार पंक्तियों की एक कविता बनाकर या ढूँढ़कर लिखें–**

●●●